



# कॉलेज कर्मचारी ने टीसी लेने आए छात्र को पीटा



## ऑनलाइन पेमेंट लेने से मना किया, श्योपुर में छात्रों का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** श्योपुर पीजी कॉलेज में एक छात्र के साथ हुई मारपीट के विरोध में बुधवार को छात्रों ने कॉलेज के बाहर धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

घटना मेडिकल छात्र कमल बेरवा के साथ हुई। वह कॉलेज से ट्रांसफर सर्टिफिकेट लेने गया था। इस दौरान स्टूडेंट के पास कैश रुपए नहीं है। छात्र ने कहा कि वह फोन-पे के जरिए पैसे भेज देगा। लेकिन कर्मचारी ने ऑनलाइन पेमेंट लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद जब इस बात का छात्र ने विरोध किया तो उसके साथ हाथापाई हुई, उसे लात-घूंसे मारे गए। हमारी मांग है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच हो, वीडियो सार्वजनिक किया जाए। ज्ञापन देने में जिले की कई शिक्षण संस्थाओं के छात्र शामिल थे। प्रशासन ने छात्रों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### छात्रों ने अपने ज्ञापन में छह प्रमुख मांगें रखीं

- कर्मचारी की विभागीय जांच कर तत्काल निलंबन किया जाए।
- पीड़ित छात्र की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई हो।
- कॉलेज प्रशासन कैमरा खराब होने का बहाना बनाकर बचाव न करे दृ कैमरा रिकॉर्डिंग की निष्पक्ष जांच हो।
- छात्र को फंसाने की किसी भी साजिश को रोका जाए और इसमें शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।
- कॉलेज परिसर में छात्रों की सुरक्षा व गरिमा सुनिश्चित की जाए।
- ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु निगरानी व पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए।
- छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा।
-उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चलेगा।

# गुरू पूर्णिमा के अवसर पर एनीमिया जागरूकता हुआ कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,9 जुलाई।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विद्यालयों में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों को आयरन की टेबलेट का सेवन नियमित रूप से कराया जा रहा है। इसी क्रम में विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम दोर्द स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बच्चों को एनीमिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीईई साहिब कुरैशी एवं बीपीएम दिलीप डंडोतिया, सीएचओ धर्मेंद्र धाकड़ सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत दोर्द स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को एनीमिया के प्रति जागरूकता करते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग और विद्यालय प्रशासन के संयुक्त प्रयास से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि एनीमिया केवल खून की कमी नहीं, बल्कि बच्चों की ऊर्जा, सीखने की क्षमता और जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली एक बड़ी चुनौती है, जिसे हम जागरूकता, पोषण एवं नियमित आयरन सेवन के ज़रिए दूर कर सकते हैं। यह भी बताया कि नींबू पानी के साथ गोली देने से शरीर में आयरन का अवशोषण बेहतर होता है, जिससे दवा की प्रभावशीलता बढ़ती है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों को आयरन गोली के साथ-साथ संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी।

## सांदीपनि विद्यालय में व्यास पूजन

**श्योपुर।** सान्दीपनि विद्यालय श्योपुर में भारतीय शिक्षण मंडल श्योपुर द्वारा व्यास पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर के उपाध्याय सेवानिवृत सयुंक्त संचालक लोक शिक्षण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विशाल गौतम उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान वेद मन्त्रो के साथ व्यास पूजन एवं सरस्वती पूजन किया गया तथा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको द्वारा गुरु पुर्णिमा एवं वेद व्यास के जीवन पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि आरके उपाध्याय ने इस अवसर पर गेंहु की कहानी के माध्यम से बताया कि ज्ञान को जितना बांटोगे उतना बढेगा और जितना अपने पास रखोगे उतना ही घटेगा।

## स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

श्योपुर । श्योपुर सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश के महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग ने बड़ी राहत दी है। विभाग ने उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कॉमन लॉगइन काउंसलिंग (सीएलसी) चरण की समय-सीमा में वृद्धि करते हुए नवीन तिथियों की घोषणा की है। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 10 जुलाई तक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह आवेदन स्नातकोत्तर में मेजर-माइनर तथा अन्य सभी विषयों में प्रवेश के लिए किए जा सकेंगे। प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 11 जुलाई तक चलेगी। इस दौरान पंजीकृत विद्यार्थियों के दस्तावेज संबंधित महाविद्यालयों में भौतिक रूप से अथवा पोर्टल पर सत्यापित किए जाएंगे।

# चंबल नहर टूटी, 500 बीघा धान की फसल डूबी

## रात को मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी



**नवभारत न्यूज**
श्योपुर,9 जुलाई। श्योपुर जिले के बगवाड़ा गांव में चंबल दाहिनी मुख्य नहर टूट गई। घटना मंगलवार देर रात की है। इस हादसे से टर्रा माफी और बगवाड़ा गांव के किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगी धान की 500 बीघा से अधिक पौध जलमग्न हो गई है। किसानों का भूसा और अन्य जरूरी सामान भी पानी में बह गया। सिंचाई विभाग पर कांग्रेस ने लापरवाही का लगाया आरोप

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौहान ने बुधवार को घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित किसानों से मुलाकात कर मौकास्थल का जायजा लिया। चौहान ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि समय पर मरम्मत और निगरानी की जाती तो यह हालात नहीं बनते।सर्वे कराने और किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से नुकसान का तुरंत सर्वे कराने और किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत पानी में बह गई है। अब उन्हें दोबारा खेती के लिए संसाधन जुटाना मुश्किल होगा। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस किसानों के हक के लिए आंदोलन करेगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान ने नहर की मरम्मत 15 दिन में पूरी करने का आश्वासन दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष, एसडीएम और तहसीलदार ने किया निरीक्षण बुधवार दोपहर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, एसडीएम और तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचकर नहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहर टूटने से हुए खेतों, फसलों और घरों के नुकसान का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सभी पीड़ित ग्रामवासियों से बातचीत की।

### कोटा बैराज से नहर को बंद कराया गया

जिलाधीश अर्पित वर्मा ने अर्द्ध रात्रि को मौके पर पहुंचकर चंबल नहर का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि टर्रामाफी एवं बगवाडा के बीच 45.70 किलोमीटर पर चंबल दाहिनी मुख्य नहर ब्रेक हो गई है, इसकी सूचना पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, ईई जल संसाधन चेतन्य चौहान सहित पुलिस एवं होमगार्ड, एसडीआरएफ की टीम आदि मौजूद थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कोटा बेराज से नहर को बंद कर दिया गया है, 100 किमी पर नहर के पानी को इस्केप किया गया है और नहर टूटने के स्थान से ऊपर की साइड में स्थित डिस्ट्रीब्यूटर में पानी छोड़ा गया है जिससे पानी कम हो रहा है। जल संसाधन विभाग के ईई श्री चौहान ने जानकारी दी कि बगवाडा एवं टर्रामाफी के बीच नहर का हिस्सा टूट गया है, वर्तमान में नहर में चल रहे पानी को डायवर्ड कर दिया गया है तथा नहर बंद भी करा दी गई है। उन्होने बताया कि चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की टेस्टिंग के लिए 1 हजार क्यूसेक पानी नहर में छोडा गया था। उन्होने बताया कि किसी प्रकार की कोई गंभीर क्षति नही हुई है। उन्होने जानकारी दी कि नहर बंद होते ही नहर की मरम्मत का कार्य 15 दिन में पूर्ण कर लिया जायेगा।

## मुस्लिम प्रतिनिधियों ने जताया आभार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** जिलाधीश अर्पित वर्मा के कुशल नेतृत्व में शांति, सौहार्द एवं सद्भावपूर्ण माहौल में संपन्न हुए मोहर्रम पर्व के लिए मुस्लिम प्रतिनिधियों द्वारा आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर आभार जताते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर हज कमेटी जिला अध्यक्ष सैयद सलीम जावेद अली, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अकरम खान, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष जाकिर कुरैशी, अल्पसंख्यक मीडिया प्रभारी समीर पठान, मदरसा बोर्ड पूर्व जिला अध्यक्ष जाहिद अंसारी, वसीम खान आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा मोहर्रम पर्व के दौरान शांति समिति में लिये गये निर्णय अनुरूप किये गये विभिन्न प्रबंधो तथा व्यवस्थाओं के लिए मुस्लिम प्रतिनिधियों द्वारा आभार जताते हुए साफा पहनाकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, साथ ही मुस्लिम समुदाय से जुडी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

## कलेक्टर ने सौपा अनुकंपा नियुक्ति आदेश

श्योपुर। जिलाधीश अर्पित वर्मा द्वारा काफी समय से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए महेंद्र जाटव पुत्र स्व. गोकुल जाटव निवासी कराहल जिला श्योपुर को कलेक्टर कार्यालय श्योपुर में सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करते हुए नियुक्ति आदेश सौपा गया। महेंद्र जाटव को कलेक्टर कार्यालय श्योपुर की राजस्व स्थापना के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 पद पर अनुसूचित जाति प्रवर्ग में नियुक्त किया गया है। महेंद्र जाटव के पिता स्व. गोकुल जाटव शासकीय प्राथमिक विद्यालय कटिला में प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ थे, जिनकी मृत्यु वर्ष 2021 में हो गई थी। इसके बाद वर्ष 2023 से अनुकंपा नियुक्ति का प्रकरण लंबित था, जिस पर संवेदनशीलता से कार्यवाही करते हुए अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई।

# 200 रूपये क्विंटल में खरीदी जाएगी पराली




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा है कि पराली फ्री डिस्ट्रिक्ट बनाने की ओर सभी के समन्वय के साथ आगे कदम बढाए जाए, सभी मिलकर श्योपुर को पराली मुक्त बनाने के लिए पराली का उपयुक्त प्रबंधन किया जायें, इस संकल्प को पूरा करने में बडे किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पराली प्रबंधन को लेकर आयोजित किसानों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि श्योपुर जिले के बडे किसान सबसे पहले पराली प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करें तथा बेलर, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर आदि का उपयोग कर पराली से भूसा अथवा बंडल बनाने का कार्य किया जायें। इसके लिए कृषि अभियांत्रिकी विभाग के माध्यम से 50 प्रतिशत राशि का अनुदान भी दिलाया जायेगा। उन्होने कहा कि बेलर यूनिट के लिए एक करोड रूपये तक का कस्टम हायर सेंटर स्थापित किया जा सकता है, इसमें भी शासन की ओर से सबसिडी दिलाने की प्रक्रिया की जायेगी। इसके साथ ही बेलर खरीदने के लिए बैंक के माध्यम से ऋण भी उपलब्ध कराये जायेगे। उन्होने किसानों को जानकारी दी कि जिले में पराली एवं नरवाई से बायोफ्यूल बनाने के आधा दर्जन के लगभग उद्योग लगे हुए है, जिनसे चर्चा की गई है तथा वे 200 रूपये प्रति क्विंटल की दर से पराली खरीदने के लिए तैयार है, इसके लिए अनुबंध भी कराया जायेगा।

उन्होने डीपीएम एनआरएलएम मुदगल को निर्देश दिये कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से लगभग 100 यूनिट बेलर, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर क्रय करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये, समूहों को 80 प्रतिशत तक सबसिडी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पराली के बंडल बनाने वाली मशीन से एक हेक्टेयर पर साढे सात हजार रूपये का खर्च आता है तथा उन बंडलों को बायोफ्यूल अथवा भूसा चारे के उपयोग के लिए विक्रय करने पर 15 हजार रूपये की आय होती है। ऐसे में किसानों को समझाइश दी जाएगी कि वे पराली न जलाकर बेलर मशीन से उसका प्रबंधन करें।



# गुरू पूर्णिमा पर्व आज, मंदिरों में पादुका पूजन के लिए श्रद्धांलू पहुंचेगे



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,9जुलाई।** गुरू पूर्णिमा महोत्सव पूरे जिले में गुरूवार को मनाया जायेगा। शहर के पीताम्बरा पीठ, अनामय आश्रम , चैतन्य आश्रम, पण्डोखर धाम, अश्नई रामलला धाम, परशुराम मंदिर, गोदन सरकार, सिरौल में मंगला देवी सहित अन्य स्थानों पर भक्तगण अपने गुरूजनों का पूजन कर उनसे आर्शीवाद लेगे गुरू पूजन सुबह से लेकर सायं तक चलेगा इसके बाद भण्डारे का आयोजन भी होगे। वहीं पीताम्बरा पीठ पर बड़ी संख्या में गुरू पूर्णिमा पर सैकड़ो की संख्या श्रद्धांलू पहुंचेगे। पीताम्बरा पीठ पर विशेष आयोजन होता है। पूज्य पाद स्वामी जी महाराज के शिष्य और अन्य श्रद्धांलू स्वामी जी की पदुकाओं का पूजन करने के लिए आते है।

### जीवन में गुरु का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है-शास्त्री



जीवन में गुरु का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। धर्म शास्त्रों में भी कहा गया है कि बिना गुरु के ईश्वर नहीं मिलता इसलिए जीवन में गुरु का होना अत्यंत आवश्यक है। सनातन धर्म में गुरु की महिमा का बखान अलग-अलग स्वरूपों में किया गया है। उक्त बात आचार्य डॉ.श्रीकृष्ण शास्त्री महाराज ने कही। उन्होंने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का विशेष पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा को गुरु की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा गुरु को गुरु इसलिए कहा जाता है कि वह अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु देवता को तुल्य माना गया है। गुरु को हमेशा से ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान पूज्य माना गया है।

### गुरू पूर्णिमा पर स्थानीय अवकाश आज

दतिया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दतिया स्वप्निल वानखड़े ने आदेश जारी कर दतिया जिले के लिए आज 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

# हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए : पुलिस अधीक्षक



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 9 जुलाई।** पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया वृक्षारोपण और संरक्षण का लिया संकल्प हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अपने घर, कार्यालय या गांव में अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करें। प्रकृति को बचाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए और प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। क्योंकि पेड़ो से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। उक्त बात पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा हरियाली महोत्सव अभियान के तहत बुधवार को पुलिस लाइन दतिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपीगण, रक्षित निरीक्षक, टीआई सिविल लाईन धीरेन्द्र मिश्रा, उप-निरीक्षक ऋचा डडौतिया, रचना माहोर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में नीम, आम, आंवला, करंज जैसे फलदार व औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया। अभियान के निर्देशानुसार जिले के समस्त थानों व चौकियों में भी वृक्षारोपण किया गया। सभी थाना प्रभारियों और अधीनस्थ पुलिस बल द्वारा अपने अपने थाना परिसर में पौधे लगाए। एसडीओपी बड़ौनी विनायक सिंह, डीएसपी आजाक उमेश गर्ग, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, निरी. रमेश शाक्य, सूबेदार अजय वर्मा, सूबेदार नीलिमा गुर्जर तथा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 09 जुलाई तक जिले में कुल 190 .50 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

दतिया । अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 जुलाई को जिले में कुल वर्षा 0.75 औसत वर्षा दर्ज की गई है। दतिया में 3 मिमी, भाण्डेर एवं सेवढा तथा इन्दरगढ़ नया केन्द्र में निल वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 है।

### पार्किंग ठेकेदार से मारपीट के अपराध में फरार 03 आरोपीगण को किया गिरफ्तार

**इंदरगढ़।** इन्दरगढ़ पुलिस अधीक्षक दतिया सूरज कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार , एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे एवं एसडीओपी अजय चनाना अनुभाग सेवड़ा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी अतरेटा उप निरीक्षक अंशुल अरोरा एवं पुलिस टीम के द्वारा अपराध में फरार आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। घटना संक्षिप्त विवरण- दिनांक 09.07.25 को मुखविर की सूचना पर से थाना हाजा के अपराध क्र. 21/25 धारा 119(1),115(2),296,351(2) ,3(5) बीएनएस इजाफा धारा 25(1ए) आर्म्स एक्ट में आरोपीगण 1-मनीष पुत्र अजमेर सिंह राजपूत2-सतेंद्र पुत्र महावीर धाकड़ 3-संजय उर्फ संजू पुत्र गोविंद राजपूत निवासीगण भगुआपुरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सेवड़ा पेश किया गया है।

# विभिन्न पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण



दतिया। जिलाधीश स्वप्निल वानखड़े द्वारा आज दतिया जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त और जन अपेक्षानुरूप बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत आज संपूर्ण जिले में उचित मूल्य दुकानों की जांच एक साथ कराई गई। इसी कार्यवाही के तहत भाण्डेर की हिना भाण्डेर उचित मूल्य की जांच के लिए एसडीएम पहुंची तो दुकान मालिक सूचना लगते ही ताला लगाकर भागे। नगर भांडेर की हिना भंडार उचित मूल्य दुकान की जांच की गई दुकान बंद पाई गई विक्रेता को फोन लगाया गया उपस्थित नहीं हुआ आगामी कार्यवाही हेतु दुकान को सील किया गया।

कलेक्टर वानखड़े द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्हें ज्ञात हुआ की सबसे ज्यादा शिकायतें पीडीएस दुकानों पर खाद्यान्न वितरण को लेकर हैं। पीडीएस दुकानों पर राशन वितरित नहीं किया जा रहा है। हितग्राहियों को तीन माह का राशन एवं प्रत्येक माह मिलने वाला राशन कंट्रोल संचालक के द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। प्राप्त शिकायत के आधार पर पीडीएस दुकानों की सूची बनाई गई इसके उपरांत उन्होंने ने स्वयं जिले के ग्राम गढ़ी सहित विभिन्न पीडीएस दुकानों पर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं विभिनन अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूची वार समस्त दुकानों पर आज निरीक्षण कर खाद्यान्न वितरण में आ रही अनियमितताओं को तीन दिवस के भीतर दूर किया जाए। साथ ही जिले में खाद्यान्न वितरण सुचारू रूप से संचालित हो ऐसा सुनिश्चित किया जाए।

इसीक्रम में जिले की समस्त अनुभागों में संचालित दुकानों की जांच की गई। जिसमें कई जगहों पर काफी सारी अनियमितताएं पाई गई जिसमें कई दुकानें तो खुली नहीं थीं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भाण्डेर श्रीमती सुमन चक द्वारा उचित मूल्य की दुकान सालोन ए का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के कुछ ही समय पूर्व दुकान खोली गई थी ऐसा ग्रामवासियों द्वारा बताया गया। दुकान पर लगभग 30-35 हितग्राही खाद्यान्न प्राप्ति हेतु खडे थे। दुकान सेल्समेन श्री जाहर सिंह पाल द्वारा गोदाम से माल उठाने, ओपीएस मशीन विक्री वितरण संबधी एवं दुकान में वर्तमान भौतिक स्टॉक की जानकारी के संबध में संतुष्टि पूर्वक जबाव नहीं दिया गया।

# लांच, कुलैथ, खजुरी आदि के वार्ड 4 के सेल्समैन, प्रबंधक को नोटिस

**सबसे खराब हालत में सूचना पटल, न रजिस्टर का संधारण और न ही सफाई, पीओएस मशीन के स्टॉक का भौतिक सत्यापन नहीं करा सके संचालक**



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,9, जुलाई।** सेंवढ़ा ब्लॉक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य की दुकानों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। कलेक्टर स्वप्निल बनखेड़ के निर्देश पर यह निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 26 दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण दल में एसडीएम अशोक अवस्थी, तहसीलदार दीपक यादव, जनपद सीईओ, बीईओ, बीआरसी, एसडीओ आईएस सहित विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी शामिल थे।

निरीक्षण के बाद जो रिपोर्ट सामने आई, उसने पीडीएस प्रणाली की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया। अधिकांश दुकानों पर सूचना पटल केवल औपचारिकता भर नजर आए। कई स्थानों पर बोर्ड लगे तो थे, पर उन पर किसी भी प्रकार की जानकारी अंकित नहीं थी। रजिस्टरों का संधारण भी पूरी तरह से नियमों के अनुसार नहीं पाया गया। इसके अलावा, सफाई व्यवस्था का हाल भी बेहद खराब मिला दृ कई दुकानों में झाड़ू तक नहीं लगी थी और दुकानों के बाहर भी गंदगी फैली हुई थी। सबसे गंभीर लापरवाही उन सात दुकानों में देखने को मिली जो अपनी पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक का भौतिक सत्यापन तक नहीं करवा सकीं। इनमें लांच, कुलैथ, खजुरी, सिरसा, कटापुर, रायपुरा बुजुर्ग और सेवढ़ा के वार्ड 4 की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों के सेल्समैन और संबंधित सहकारी समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी किए गए हैं। इस व्यापक निरीक्षण से क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में हड़कंप मच गया है। लंबे समय बाद प्रशासन ने गरीबों के अधिकारों के वितरण में लापरवाही बरतने वाली अंतिम इकाई की सच्चाई जानने का प्रयास किया है। एसडीएम अशोक अवस्थी ने कहा कि सभी निरीक्षण प्रतिवेदनों का गहराई से अध्ययन किया जाएगा। संबंधित कर्मचारियों से जवाब मांगा जाएगा और यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला, तो संबंधित समिति से वितरण के अधिकार वापस लिए जाएंगे तथा अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की भी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर द्वारा शुरू की गई इस सख्त कार्रवाई से यह संकेत स्पष्ट है कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस पहल से जहां हितग्राहियों में विश्वास जगा है, वहीं लापरवाह संचालकों में भय का माहौल है। यह अभियान पीडीएस प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।


## आम सूचना

श्री सुखदेव प्रसाद दुबे पुत्र श्री श्रीलाल दुबे के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थ ग्राम दतियागिर्द, प.ह.नं.19, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.2206/11/2 ग्राम दतियागिर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 840 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में भूखण्ड चौबे जी एवं दक्षिण में-भूमि विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के स्वत्व स्वामित्व की थी। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय जर्ये कुलसचिव श्री अशोक कुमार मिश्रा पुत्र श्री श्यामबिहारी मिश्रा द्वारा सम्पत्ति रकवा 1.863 हैक्टेयर एरिया श्री सुखदेव प्रसाद दुबे पुत्र श्री श्रीलाल दुबे, श्री शांतिस्वरूप सिन्हा पुत्र श्री रामस्वरूप सिन्हा, श्री रामलखन शर्मा पुत्र श्री भगवानदास शर्मा एवं श्री विजय कुमार तिवारी पुत्र श्री श्यामसुंदर तिवारी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी0959202071236136 दिनांक 27.05.2020 से विक्रय की गई। श्री सुखदेव प्रसाद दुबे द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती लक्ष्मी जाटव पत्नी श्री देवेन्द्र जाटव के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती लक्ष्मी जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वास्तु हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),मो.नं. 98276-72710**